


# सफाई व्यवस्था ध्वस्त, वार्डों में लगे हैं कचरे के ढेर

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 मार्च।** नगरीय क्षेत्र को नगर पालिका निगम का दर्जा जरूर मिल गया है लेकिन सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। वार्डों में जगह- जगह कचरे

**नागरिक बोले- शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं, पार्षदगण भी असहाय महसूस कर रहे**

के ढेर लगे हुए हैं। नागरिक ही नहीं पार्षदगण द्वारा निकाय के अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। सफाई कार्य के लिए वार्ड स्तर पर तैनात कर्मचारियों द्वारा भी अपनी



जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है।

बता दें भिंड नगर पालिका क्षेत्र में 39 वार्ड हैं हालांकि इनकी संख्या नगर निगम घोषित होने के बाद बढ़ रही है। इसकी प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके बाद नगरीय सीमा और विस्तारित हो जाएगी। लेकिन वर्तमान में ही सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सफाई कर्मचारियों की मनमानी और कचरे के निष्पादन के आवश्यक इंतजाम न होने से वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। वर्तमान में शहर से ५०- 60 टन कचरा निकलता है। लेकिन इसके उठाव और निष्पादन को लेकर भी समस्या बनी हुई है। इस समस्या का समाधान कब तक हो सकेगा, इस बारे में निकाय के अधिकारीगण भी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहे हैं।

**बड़ा सवाल स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग कैसे सुधरेगी :** इस साल भी स्वच्छता सर्वेक्षण होगा। ऐसे हालात में रैंकिंग बेहतर कैसे होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सड़कें भी खुदी पड़ी हैं। नाले व नालियों की सफाई नहीं हो रही है। इस बार के सर्वेक्षण में नागरिकों का फीडबैक भी अच्छा नहीं जाएगा। क्योंकि परेशानी झेल रहे लोग निकाय के प्रति अच्छी राय कैसे दे सकते हैं। पार्षदगण भी यह कहने लगे हैं कि सीएमओ को जन समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है वह केवल भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं। ऐसे में रैंकिंग में सुधार तो दूर पहले की स्थिति भी नहीं रहेगी।

### कलेक्शन सेंटर कचरे अटा, उठाव के इंतजाम नहीं

नगर पालिका द्वारा आईटीआई परिक्षेत्र में कचरा कलेक्शन सेंटर बनाया गया है। लेकिन बड़ी मात्रा कचरा एकत्रित कर दिए जाने और उसका उठाव न होने से वहां एक बड़ी समस्या उपज गई है। जानकारी मुताबिक कलेक्शन सेंटर का 30 लाख रुपए का टेंडर हुआ है लेकिन अभी यह खुला नहीं है। बताया गया है है टेंडर 10 मार्च को खुलेगा। तब तक स्थिति बदतर हो जाएगी। हालात यह हो गए हैं जिन गलियों और सड़कों पर बड़ी संख्या में दिन रात लोग निकलते हैं वहां चैनल तक नहीं बनवाए जा रहे।

### ऑनलाइन हाजिरी लगाकर निकल जाते हैं कर्मचारी

हमारे वार्ड में 8 सफाई कर्मचारी हैं। महिला कर्मचारी तो महीने में 15 दिन नना से ऑनलाइन हाजिरी लगाकर निकल जाती हैं। नियमित रूप से कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिल रहा है। इस कारण भी कर्मचारी लापरवाही कर रहे हैं। वार्ड में पार्षद के समक्ष कर्मचारियों की उपस्थिति का प्रावधान किया गया था लेकिन इसे अमल में नहीं लाया गया।

**- राहुल राजावत, पार्षद, वार्ड क्रमांक 9**

### कर्मचारियों को सफाई से नहीं कोई सरोकार

वार्ड में 4 सफाई कर्मचारी तैनात हैं। इनकी संख्या बढ़ाए जाने की बात हमारे द्वारा 3 साल से की जा रही है। लेकिन अब तक इनकी संख्या नहीं बढ़ाई गई है। जो कर्मचारी तैनात हैं वह भी हाजिरी लगाकर वापस हो जाते हैं। आलम यह है कि मेठ व दरोगा तक समस्या के समाधान के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं।

**ममता- रामहेत शाक्य, पार्षद वार्ड क्रमांक 10**

### कर्मचारी पहले से ही कम, इनमें भी आते नहीं

हमारे पुरानी बस्ती इलाके के वार्ड में सफाई के लिए 6 कर्मचारी तैनात हैं। इनमें 2 तो आते ही नहीं हैं। 4 सेवाएं दे रहे हैं लेकिन यह भी दोपहर के समय नहीं आते। शहर भर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। जबकि नपा के बेड़े में सफाई कर्मचारियों की बड़ी संख्या है। निकाय के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सफाई व्यवस्था पर ध्यान न दिए जाने के परिणाम स्वरूप इस प्रकार के हालात बने हुए है।

**-सुलेखा- विनोद दूरवार, पार्षद वार्ड क्रमांक 20**

# हथियार तस्करी के आरोप में 3 गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 मार्च।** थाना देहात पुलिस ने अवैध हथियार तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर में हथियार खपाने की कोशिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देशी पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जब्त हथियारों की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है।

बता दें जिले में अवैध हथियारों को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मुकेश शाक्य के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 6 मार्च की रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध हथियारों की तस्करी के इरादे से आईटीआई तिराहा बिजली घर के पास चरथर रोड पर मौजूद हैं।

सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवम राजावत (22) पुत्र भूपेंद्र सिंह राजावत, कृष्णा सिंह राजावत (20) पुत्र पिंटू सिंह राजावत और मनोज परिहार (25) पुत्र बृजकिशोर परिहारए सभी निवासी निवसाई थाना रौन के रूप में हुई। तलाशी के दौरान इनके पास से दो देशी पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों को ये अवैध हथियार कहां से मिले और इनके नेटवर्क में और कौन- कौन लोग शामिल हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मुकेश शाक्य, उप निरीक्षक नागेश शर्मा, प्रधान आरक्षक गुरुदास सोढी, मुकेश खंडेलवाल तथा आरक्षक महेन्द्र यादव, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, आजाद खान, अजय सगर और पंकज जयंत की भूमिका रही।

# ईपीएस- 95 का 9 से 11 तक दिल्ली में जंतर- मंतर पर आंदोलन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 मार्च।** ईपीएस- 95 पेंशनर्स की राष्ट्रीय संघर्ष समिति

**जिले में बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी होंगे शामिल**

द्वारा चार सूत्रीय मांगों को लेकर 9 से 11 मार्च को दिल्ली में जंतर- मंतर पर धरना आंदोलन की तैयारी की जा रही है। इस आंदोलन में शामिल होने के लिए भिंड जिले से भी बड़ी संख्या में संगठन के प्रदाधिकारी एवं सदस्यगण दिल्ली रवाना होंगे।

संगठन के जिला समन्वयक रामप्रकाश शर्मा द्वारा बताया गया कि पिछले रोज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शशिभान सिंह भदौरिया का भोपाल से भिंड आगमन हुआ। उनके द्वारा संगठन पदाधिकारियों से बड़ी संख्या में आंदोलन में शरीक होने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी मांग न्यूनतम पेंशन 7 हजार 500 और डीए 15 हजार रुपए प्रतिमाह लेकर रहेंगे। इसके लिए संगठन प्रमुख कमांडर अशोक राउत के नेतृत्व में आंदोलन का शंखनाद होने जा रहा है। इस मौके पर जिला समन्वयक शर्मा के अलावा आरबी चौधरी, सुभाष सिंह भदौरिया, महेंद्र सिंह चौहान आदि की उपस्थिति रही।

## एक नजर में

### संकल्प से समाधान : बिचौला गांव में शिविर आयोजित

**मुरैना, 7 मार्च।** जिले में 16 फरवरी से 16 मार्च तक चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के दूसरे चरण में शनिवार को जनपद मुरैना के ग्राम बिचौला में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश कुमार भार्गव ने ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस शिविर में ग्राम पंचायत बिचौला के अलावा बरेंडा, मदनबसई, गिरगौनी, बमरौली, अरदौनी, कोतवाल, नाका, पिलुआ, जगतपुर, किशनपुर, लभनपुरा पंचायतों के 43 आवेदन आए।

### ऐंती गांव में जिपं सीईओ ने किया होम स्टे का उद्घाटन

**मुरैना।** मुरैना जनपद की ग्राम ऐंती में रागिनी फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर महिला राइटर कार्यक्रम किया गयाए जिसमें होम-स्टे का उद्घाटन सीईओ जिपं द्वारा किया गया। इस अवसर पर रागिनी फाउंडेशन से दीपा दीक्षित, डीपीएम दिनेश तोमरए केआरजी कॉलेज एवं पुलिस विभाग से कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सनाउल्लाह ने किया। इस अवसर पर अमित राजपूत, पंचायत सरपंच-सचिव आदि मौजूद रहे।

### जौरा टीआई ओपी रावत बने, बरैया को स्टेशन रोड थाने का प्रभार

**मुरैना।** निरीक्षक दर्शन शुक्ला के निलंबित होने के बाद पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने जौरा थाने का दायित्व निरीक्षक ओपी रावत को सौंपा हैं। वहीं एसआई संजय बरैया को स्टेशन रोड थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा 6 मार्च को पदस्थापना के आदेश जारी किए गए। जिनमें संबंधित अधिकारियों को नवीन पदस्थापना पर तत्काल आमद दर्ज कराने के आदेश दिए गए है।

### छात्रों ने किया विद्युत सब स्टेशन का भ्रमण, देखी कार्यशैली

**मुरैना/पोरसा।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बिजली सब स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बिजली सप्लाई सिस्टम सहित वहां उपयोग में आने वाले उपकरणों में जिज्ञासा जाहिर की, जिसका समाधान बिजली कंपनी के अधिकारियों ने किया। इस दौरान बिजली विभाग के सब डिविजनल अधिकारी इंद्रेश्वर सिंह पटेल, हरेंद्र तोमर, सोनू तोमर और रामप्रताप तोमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेंटॉर के रूप में कृष्णचंद दीक्षित, मनीष शिवहरे, संतोष शर्मा, सरिता तोमर और अंजली तोमर मौजूद रहे।

### शासकीय आईटीआई में कैंपस का आयोजन 10 को

**मुरैना।** शासकीय आईटीआई जरेरूआ मुरैना में 10 मार्च को 2 कंपनियां आकर बेरोजगारों का चयन करेंगी। प्राचार्य ने बताया कि 10 मार्च को सुबह 11 बजे आईटीआई मुरैना में ओसवाल इंडस्ट्रीज फरीदाबाद द्वारा 18 से 26 वर्ष के युवाओं की आईटीआई डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, स्ट्रूमेंट मैकेनिक पद के लिए भर्ती की जाएगी। जिसमें 23 हजार 499 रूपए मासिक वेतन रहेगा। इसी प्रकार इंडिया यामाहा मोटर्स पीव्हीटी लिमिटेड ग्रेट नोएडा द्वारा भी 18 से 26 वर्ष के युवाओं की भर्ती करेगी। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं को 16 हजार 800 रूपए मासिक वेतन दिया जाएगा।

### जनऔषधि दिवस पर भोपाल में आयोजन

**भोपाल, 7 मार्च.** देशभर में सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के अंतर्गत 8वें जनऔषधि दिवस 2026 का भव्य आयोजन आज मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल के ऑडिटोरियम में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग रहे. इस अवसर पर डॉ. प्रभाकर तिवारी, वरिष्ठ संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डॉ. संजय जैन, अध्यक्ष, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, तथा विवेक शर्मा, जोनल मैनेजर, फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

### विकास योजनाओं की अनदेखी का आरोप

**भोपाल, 7 मार्च.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को राज्य की भाजपा सरकार पर कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्रों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि खराब योजना और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश में ग्रामीण विकास की योजनाएँ प्रभावित हो रही हैं. मीडिया से बातचीत में पटवारी ने कहा कि सरकार जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के बजाय केवल प्रचार-प्रसार पर अधिक ध्यान दे रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का भी पूरा उपयोग नहीं किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण विकास के लिए कुल 27,745 .18 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था।

### होली उत्सव आज आर्य रहेंगे मौजूद

**भिंड, 17 मार्च।** गोहद के अटल चौक 8 मार्च को सुबह 10 बजे से होली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय लालसिंह आर्य मुख्य रूप से उपस्थिति रहेंगे। सभी शहरवासियों से अपेक्षा की गई है कि वे निश्चित समय पर उपस्थिति होकर होली उत्सव मनाएं। कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे सही समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्ति का सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 मार्च।** गोहद नगर में स्थित शहर के द संस्कार स्कूल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृ शक्ति के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय से जुड़ी माताओं एवं महिला अभिभावकों का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण के साथ हुई। जिसमें विद्यालय परिवार की ओर से सभी माताओं का हार्दिक अभिनंदन किया गया। इसके बाद महिलाओं के लिए फनी क्विज, रैपिड फायर राउंड तथा विभिन्न मनोरंजक गेम्स आयोजित किए गए। इन गतिविधियों में उपस्थित माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सोम सर द्वारा किया गया।

### मातृ शक्ति समाज की सबसे बड़ी शक्ति

फिट इंडिया अभियान से जुड़े डॉ. महेश एवं ज्योति ने महिलाओं को स्वस्थ रहने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, योग और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि यदि महिलाएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगी तो पूरा परिवार स्वस्थ और खुशहाल रहेगा। विद्यालय के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मातृ शक्ति समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। एक मां ही बच्चे की पहली शिक्षक होती है जो उसके संस्कार, शिक्षा और व्यक्तित्व की नींव रखती है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम के अंत में शिवानी ने आभार व्यक्त किया।

# पंचकल्याणक समिति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दिया आमंत्रण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 मार्च।** महर्षि अरविंद महाविद्यालय गोहद के प्रांगण में 20 मार्च से 25 मार्च तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और धर्मप्रेमी बंधुओं व अतिथियों से संपर्क का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पंचकल्याणक समिति के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन रविवार को सुबह 8 बजे किया जाएगा। भूमि पूजन के बाद आयोजन स्थल पर निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान गोहद चौराहा स्थित महर्षि अरविंद महाविद्यालय परिसर को काशी नगरी बनारस की तर्ज पर सजाया जाएगा।

### लगभग 34 वर्ष बाद आयोजित किया जा रहा है आयोजन

यह धार्मिक आयोजन गोहद चौराहा क्षेत्र में लगभग 34 वर्ष बाद आयोजित किया जा रहा है, जिससे जैन समाज सहित क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम उपाध्याय विहसंत सागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। जिसमें पाषाण से प्रतिमा निर्माण तक की धार्मिक क्रियाएं विधि-विधान के साथ कराई जाएंगी।

साथ ही गजरथ यात्रा भी निकाली जाएगी। मान्यता है कि जिस स्थान पर गजरथ निकलता है वहां किसी प्रकार की बाधाएं उत्पन्न नहीं होतीं और क्षेत्र में सुख- समृद्धि का वास होता है। समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# अंबाह नगर मंडल की कार्यकारिणी का हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 7 मार्च।** भाजपा की अंबाह नगर मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शनिवार को भाजपा

**गोरेलाल गार्डन में हुआ वंदन- अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित**

पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को कस्बा अंबाह में गोरेलाल गार्डन में हुआ।

कार्यक्रम में राजकुमार राठौर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष



सचिन गुप्ता ने कार्यक्रम में कहा कि भाजपा मजबूत और अनुशासित संगठन है, जिसकी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर पार्टी के कार्यक्रमों और योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

# जितेन्द्र सिंह की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट 21 को

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 7 मार्च।** समाजसेवी स्व. जितेंद्र सिंह तोमर की स्मृति में तहसीलस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 21

**सेमीफइनल और फइनल मुकाबला 14-14 ओवरों का खेला जाएगा**

मार्च को ग्राम जौटई में किया जाएगा। आयोजक लक्ष्मण सिंह एवं गुलशन सिंह ने बताया की टूर्नामेंट में 19 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे। 10-10 ओवर के मैचों में तीन ओवर का पावर प्ले रहेगा। प्रत्येक मैच के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा।

सेमीफइनल और फइनल मुकाबला 14-14 ओवरों का खेला जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम अपना पंजीयन जौटई में आकर लक्ष्मण सिंह एवं गुलशन सिंह से मिलकर करा सकते हैं। फायनल मैच की विजेता टीम को 5100 रुपए का प्रथम पुरस्कार और उपविजेता टीम को 1500 रुपए की दीवार घड़ी दी जाएगी।